नवभारत
www.navbharatlive.com

# अमृता विश्वविद्यापीठम को मिला पुरस्कार



■नागपुर, बिजनेस कनेक्ट. केरल राज्य सरकार ने पर्यावरण संरक्षण में संस्थान के उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देते हुए अमृता विश्वविद्यापीठम को 'परिस्थितिमिथरम' पुरस्कार से सम्मानित किया है. विश्व पर्यावरण दिवस पर तिरुवनंतपुरम में आयोजित एक समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया गया. पर्यावरण संरक्षण संस्थान श्रेणी में 'परिस्थितिमिथरम' पुरस्कार स्थिरता, अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण में विश्वविद्यालय के अनुकरणीय प्रयासों को मान्यता देता है. अमृता विश्वविद्यापीठम, अमृतपुरी परिसर को पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं जैसे कि टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन, खाद बनाना, पुनर्चक्रण, जागरूकता अभियान और सौख्यम पुनः प्रयोज्य पैड पहल सहित शून्य अपशिष्ट परियोजनाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए सराहना मिली. समारोह के दौरान अमृतापुरी कैम्पस के निदेशक ब्रह्मचारी देवीदास चैतन्य, अमृता स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के डीन डॉ. बालकृष्णन शंकर, एसोसिएट डीन डॉ. एसएन ज्योति और अमृता सस्टेनेबल सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सेंटर के अन्य प्रमुख संकाय सदस्यों जिनमें ब्रह्मचारी रागेश, विष्णु विजय और एस. नितिन ने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से पुरस्कार प्राप्त किया. पुरस्कार में 1 लाख का नकद, प्रशंसा पत्र और मोमेंटो शामिल है. कार्यक्रम में पर्यावरण विभाग के विशेष सचिव सीरम संबाशिव राव, पर्यावरण विभाग के निदेशक सुनील पामिती सहित अन्य उपस्थित थे.

Nagpur Plus Edition
Jun 7, 2025 Page No. 4
Powered by: navbharatlive.com